प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

.................

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी–20 हजार करोड रूपये तक का अतिरिक्त ऋण मिलेगा।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन प्रवासी समुदाय और राज्य सरकार के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए बड़ा मंच साबित होगा।

- प्रदेश ने चार व्यवसायिक सुधारों की श्रेणियों में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

- खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने प्रदेश में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आधिकारिक लोगो लॉंच किया, कहा–इस प्रतियोगिता से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

.................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी है, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को सौ प्रतिशत ऋण आश्वासन देती है। यह योजना बीस हज़ार करोड़ तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी। कल नई दिल्ली में पत्रकारों को कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य भारत को एक लाख करोड़ के निर्यात लक्ष्य का समर्थन करना और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है।

.....

कैबिनेट ने सीज़ियम, ग्रेफाइट, रूबिडियम और ज़िरकोनियम जैसे प्रमुख खनिजों में रॉयल्टी दरों का संशोधन किया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे खनिज ब्लॉकों की नीलामी को बढ़ावा मिलेगा और लिथियम, टंगस्टन और नियोबियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के घरेलू उत्पादन में वृद्धि होगी और आयात कम होगा जिससे भारत में रोज़गार के अधिक अवसर पैदा होंगे।

.................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली में लाल किले के पास हुई कार विस्फोट की आतंकवादी घटना में जानमाल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। मंत्रिमंडल ने सभी भारतीयों के जीवन और कल्याण की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प की पुष्टि की। साथ ही आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति भारत की जीरो टोलरेन्स की नीति को दोहराया। इसके अलावा घटना के अपराधियों की पहचान करने और उन्हें बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ जाँच करने के मंत्रिमंडल ने निर्देश दिए।

.................

राजस्थान ने व्यवसाय प्रवेश, श्रम नियमन सुविधाएं, पर्यावरण पंजीकरण और सेवा क्षेत्र में देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान 2024 के तहत प्रदेश को इन चार व्यावसायिक सुधारों की श्रेणियों में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्य के रूप में मान्यता दी है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

.................

भारत में पिछले एक दशक में तपेदिक के कुल मामलों में 21 प्रतिशत की कमी आई है जो वैश्विक औसत 12 प्रतिशत से लगभग दोगुना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार देश में टीबी रोगियों की संख्या घटकर 187 प्रति लाख हो गई है। साथ ही तपेदिक के कारण होने वाली मृत्यु दर भी 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से घटकर पिछले वर्ष प्रति लाख 21 हो गई है। सरकार देश से टीबी को खत्म करने के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और निक्षय पोषण योजना सहित कई पहलों को लागू कर रही है।

.................

सवाईमाधोपुर के राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य रेंज में आज घडियाल के 30 बच्चों को प्राकृतिक आवास में छोडा जायेगा। इसे घडियाल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

.................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन प्रवासी समुदाय और राज्य सरकार के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में निवेश, नवाचार तथा विकास के नए आयाम स्थापित किये जायेंगे। वे कल मुख्यमंत्री कार्यालय में 10 दिसम्बर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू में अब तक 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में अभूतपूर्व औद्योगिक वातावरण तैयार करते हुए उद्यमियों के लिए हरसंभव मदद दी जा रही है।

.................

खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कल जयपुर में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आधिकारिक लोगो लॉंच किया। आमेर के जलेब चौक पर आयोजित हुए कार्यक्रम में श्री राठौड ने गेम्स के शुभंकर, एंथम, टॉर्च और जर्सी का भी अनावरण किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इन खेलों का आयोजन राज्य की धरोहर का उत्सव होने के साथ–साथ युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। श्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

.................

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के शुभंकर राजकीय पशु ऊँट और पारंपरिक अभिवादन "खम्मा घणी" से प्रेरित हैं। गौरतलब है कि ये गेम्स 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक राज्य के सात शहरों में आयोजित किये जायेंगे। इनमें विभिन्न राज्यों के 4000 से अधिक खिलाड़ी और अन्य स्टाफ सहित कुल 8000 लोग भाग लेंगे। इस दौरान खिलाडी 24 खेल विधाओं में भाग लेंगे, जिनमें 23 पदक खेल और एक प्रदर्शन इवेंट शामिल है।

.................

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई है। इससे ठण्ड का असर बढ गया है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर जगहों पर दिन का तापमान जहां 30 डिगी से नीचे रिकॉर्ड हो रहा है। वहीं कई जगहों पर रात का पारा 10 डिग्री से नीचे पंहुच गया है। कल सबसे कम 7 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सिरोही में दर्ज हुआ। हमारे सिरोही संवाददाता ने बताया कि आम जनजीवन पर सर्दी का प्रभाव देखा जा रहा है। लोग गर्म कपडो में लिपटे नजर आ रहे है।

.................

मौसम विभाग ने अगले सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही अगले 24 घंटों में जयपुर संभाग में कहीं–कहीं शीतलहर चल सकती है।

.................

निर्वाचन आयोग की ओर से शुरू किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में अब तक 37 करोड़ गणना फॉर्म वितरित किये जा चुके है। दूसरे चरण में ये कार्यक्रम 9 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जा रहा है। ये प्रकिया 4 दिसम्बर तक चलेगी। इस चरण में राजस्थान भी शामिल है। प्रदेश में अब तक सवा चार करोड़ गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके है। लगभग 78 प्रतिशत मतदाताओं तक ये ईएफ फॉम पंहुचाये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि झालावाड और चित्तौडगढ जिला 90 प्रतिशत वितरण के साथ प्रदेश में सबसे आगे बने हुए है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग सवा 11 लाख फॉर्म का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। डिजिटाइजेशन के काम में बाड़मेर, भरतपुर और झालावाड़ सबसे आगे है।

.................

इस वर्ष का साहित्य अकादमी–बाल साहित्य पुरस्कार कल नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय ने बताया है कि पुरस्कार विजेताओं को एक कांस्य पट्टिका के साथ पचास हज़ार रुपये का चेक भी दिया जाएगा। हिन्दी साहित्य में यह पुरस्कार सुशील शुक्ला को उनकी पुस्तक 'एक बटे बारह' के

लिए जबकि अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा को 'दक्षिण–साउथ इंडियन मिथ्स एंड फेबल्स रिटोल्ड के लिए प्रदान किया जाएगा।

.................